अग्रवाल महाविद्यालय के सभागार में दिनाँक 16–10–2015 को कम्प्यूटर विभाग के तत्वावधान में पी.पी.टी. क्विज़नेट–15 इन्टर कॉलेज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.

इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० कृष्णकान्त गुप्ता उपस्थित थे. कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करने के साथ हुआ. मुख्य अतिथि का स्वागत कम्प्यूटर विभाग के अध्यक्ष डॉ० सचिन गर्ग ने पुष्प भेंट कर किया. पी.पीटी. प्रतियोगिता में अन्य महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने बढ चढ़कर भाग लिया जिनमें दयानन्द महाविद्यालय, फरीदावाद, डी.ए.वी. शताब्दी कॉलेज, फरीदाबाद, राजकीय महाविद्यालय, तिगाँव तथा नेहरू कॉलेज फरीदाबाद आदि थे. प्रत्येक प्रतिभागी को अपनी पी.पी.टी प्रस्तुत करने के लिए 4–7 मिनट का समय दिया गया. निर्णायक मंडल का कार्यभार डॉ० सारिका कंजालियाँ, डॉ० ऊषा चौधरी और डॉ० शिल्पा गोयल के द्वारा संभाला गया. प्राचार्य महोदय ने सभागार को संबोधित करते हुए कहा कि "इस तरह के कार्यक्रमों द्वारा विद्यार्थियों की प्रतिभा उभर कर सामने आती है और उनके अंदर आत्मविश्वास उत्पन्न किया जा सकता है. जिससे उनका चहुमुखी विकास हो सके"

पी.पी.टी. प्रतियियोगिता के विजेता छात्र व छात्राओं को पुरस्कृत किया गया. जिसमें प्रथम स्थान पर नमन मोदी, अग्रवाल महाविद्यालय, संभाग द्वितीय एवं पियूष शर्मा (डी.ए.वी. शताब्दी कॉलेज, फरीदाबाद), द्वितीय स्थान पर मानसी जैन (अग्रवाल महाविद्यालय संभाग तृतीय) तथा तृतीय स्थान पर कोमल (डी.ए.वी. शताब्दी कॉलेज, फरीदाबाद) ने प्राप्त किये. सांत्वना पुरुस्कार स्नेहा सरकार (दयानन्द कॉलेज, फरीदाबाद) को दिया गया. .

कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन विभाग के प्राध्यापक श्री विनित नागपाल द्वारा किया गया व मंच संचालन श्रीमती तरूणा भाटिया ने किया. प्रतियोगिता कार्यक्रम में कम्प्यूटर विभाग के प्राध्यापक व प्राध्यापिकाएँ व विद्यार्थी उपस्थित थें.